क्या मुझे अभी भी प्रचार संबंधी पत्रादि (प्रमोशनल मेलआउट) मिलेगी?
नहीं। परंतु, SkyCity को अपने रिकॉर्ड को आधुनिक करने तथा अपने उन सभी प्रचार एवं कार्यकलापों के संचार को रद्द करने में थोड़ा सा समय लग सकता है जिनके लिए आपने साइन अप किया था (इनमें सभी उपनाम (अर्थात, वैकल्पिक), डाक पता, ई-मेल पता अथवा फोन नंबर शामिल हैं जो आपने दिए हैं) और हो सकता है कुछ संचार आपको बहिष्कार के अनुरोध पर कार्रवाई से पहले ही भेज दिए गए हों यदि SkyCity प्रचार मेल को लेकर आपको कोई चिंता है, तो कृपया हमें संपर्क करें।

क्या मैं फिर भी रेस्तरां और बार में आ सकता(ती) हूं?
स्व-बहिष्कार आपको SkyCity ऑकलैंड तथा SkyCity हैमिल्टन के गेमिंग क्षेत्रों में तथा इन क्षेत्रों के भीतर किसी भी बार और रस्तरां में प्रवेश करने से निषिद्ध करता है। आप फिर भी SkyCity ऑकलैंड तथा SkyCity हैमिल्टन के गेमिंग क्षेत्रों के बाहर स्थित बारों, रेस्तरां, होटलों और सम्मेलन केंद्रों में जा सकते हैं।

लेकिन, SkyCity क्वीन्सटाउन कसीनो में, पूरे भवन में आपके लिए प्रवेश निषेध होगा। यदि आप अनिश्चित हैं तो हमसे संपर्क करें।

आप अकेले नहीं हैं
SkyCity आपको प्रोत्साहित करती है कि सहायता के लिए आप कोई मेन्टर (संरक्षक) तथा मार्गदर्शन हेतु कोई पेशेवर काउंसलर (परामर्शदाता) चुनें। हम आपको संभावित परामर्श सेवाओं की सूची उपलब्ध कराएंगे। ये सेवाएं निशुल्क, गोपनीय और दिन में 24 घंटे उपलब्ध होती हैं। परामर्श सेवाएं बहुत सी अलग-अलग भाषाओं में भी उपलब्ध हैं। आप SkyCity में स्व-बहिष्कार मुलाकात में अपने किसी समर्थक को भी ला सकते हैं।

SkyCity ऑकलैंड 0800 SkyCity (0800 759 2489)

SkyCity हैमिल्टन 07 834 4900

SkyCity क्वीन्सटाउन 03 441 0400

SkyCity मेजबान की जिम्मेदारी

ई-मेल:hostresponsibility@skycity.co.nz

गैबलगि हेल्पलाइन को कॉल करें
0800 654 655
(नःशुिल्क और गोपनीय 24 घंटे)

13239 02/20

R20 GAME RESPONSIBLY

SkyCity में आत्म-बहिष्कार

अपने ग्राहकों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता

SkyCity एक मेजबान के रूप में अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से लेती है: हमारे ग्राहकों की सुरक्षा और कल्याण हमारी सर्वोतम प्राथमिकता है। SkyCity अपने ग्राहकों के लिए Gambling Act 2003 के उपबंधों के तहत एक स्व-बहिष्कार प्रक्रिया उपलब्ध कराता है।

कुछ लोगों को गैंबलिंग यानी जुआ खेलने से नुकसान हो सकता है, जिसमें वित्तीय समस्याएं, भावनात्मक संकट और संबंधों में परेशानियां शामिल हैं। यदि आपको या किसी ऐसे व्यक्ति को जिसे आप जानते हों जुआ खेलने के कारण समस्याएं हो रही हैं, तो स्व-बहिष्कार एक अच्छा विकल्प हो सकता है।

स्व-बहिष्कार क्या होता है?

कोई ग्राहक स्वेच्छा से, न्यूजीलैंड के सभी SkyCity कसीनो से 3, 6, 9, 12 और 24 महीनों के लिए खुद को बहिष्कृत करने के लिए कह सकता है।

क्या स्व-बहिष्कार मेरा एकमात्र विकल्प है?

नहीं - यह उन अनेक प्रकार के कदमों में से एक है जो आप अपने जुआ खेलने को नियन्त्रित करने के लिए उठा सकते हैं। इनमें जिम्मेदारी के साथ जुआ खेलने के दिशानिर्देशों का पालन करना तथा पेशेवर काउंसलिंग में भाग लेना भी शामिल हैं। अपने लिए उपलब्ध कदमों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, गैंबलिंग हेल्पलाइन को 0800 654 655 पर फोन करें अथवा www.gamblinghelpline.co.nz पर जाएं

मैं स्व-बहिष्कार कैसे कर सकता(ती) हूं?

किसी भी SkyCity कार्यकर्ता के पास जाएं और उसे बताएं कि आप स्व-बहिष्कार करना चाहते हैं। यदि आप SkyCity में नहीं आना चाहते हैं, तो हम आपको डाक द्वारा एक स्व-बहिष्कार आवेदन-पत्र भेज सकते हैं (जिसे आप घर पर पूरा करके हमें डाक से वापस भेज सकते हैं) अथवा आप किसी जुए की लत से संबंधित परामर्शदाता से आवेदन-पत्र ले सकते हैं।

इसकी क्या प्रक्रिया है?

यदि आप SkyCity में स्व-बहिष्कार की प्रक्रिया पूरी करना चाहते हैं, तो हमारे कार्यसमय के दौरान एक प्रशिक्षित कार्यकर्ता आपकी सहायता के लिए उपलब्ध रहेगा। एक निजी कार्यालय में मुलाकात पर, आपका ब्यौरा दर्ज किया जाएगा और फोटोग्राफ लिया जाएगा। इस फोटोग्राफ का प्रयोजन यह है कि यदि आप बहिष्कार के दौरान SkyCity के गैंबलिंग क्षेत्रों में प्रवेश करने की कोशिश करते हैं तो SkyCity आपको पहचान सके।

आपको प्रोत्साहित किया जाएगा कि आप कोई मेन्टर या संरक्षक नियुक्त करें (परिवार/विस्तारित परिवार का सदस्य या दोस्त) जो आपकी सहायता कर सके और साथ ही किसी काउंसलिंग सेवा को चुनने और उसमें जाने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाएगा। हम आपके स्व-बहिष्कार की शर्तें आपको समझाएंगे। साथ ही आपको पुनःप्रवेश की वे शर्तें भी समझाई जाएंगी जो आपको किसी भी SkyCity कसीनो में गैंबलिंग क्षेत्रों में वापस आने के लिए आवेदन करने से पहले पूरी करनी होंगी। उसके बाद आपके लिए एक बहिष्कार आदेश (एक्सक्लूशन ऑर्डर) जारी किया जाएगा। इस आदेश के तहत, आपको चुनी हुई अवधि के लिए तथा जब तक आप पुनःप्रवेश की सभी शर्तें पूरी नहीं करते तब तक के लिए, SkyCity ऑकलैंड, SkyCity हैमिल्टन और SkyCity क्वीन्सटाउन कसीनो में प्रवेश करने से निषिद्ध किया जाएगा।

क्या यह गोपनीय है?

स्व-बहिष्कार की प्रक्रिया एक पृथक और विशिष्ट सेवा है जिसे कसीनो फ्लोर से दूर किया जाता है। इस प्रक्रिया के दौरान प्राप्त की जाने वाली जानकारी गोपनीय रहती है और SkyCity इस जानकारी को केवल तभी साझा कर सकता है जब ऐसा करना जरूरी हो (कानूनी रूप से या अन्यथा) अथवा जहां SkyCity को यथोचित रूप से लगता हो कि आपके जीवन या स्वास्थ्य को खतरा है।

यदि मेरा मन बदल जाता है तो क्या होगा?

यद्यपि स्व-बहिष्कार स्वेच्छिक होता है, लेकिन एक बार जारी होने के बाद इसे रद्द नहीं किया जा सकता है।

पुनःप्रवेश की क्या शर्तें हैं?

कोई भी "Requirement to Leave Premises" (RTLP) [अर्थात, परिसर छोड़ने की आवश्यकता का नोटिस] और/अथवा Trespass Notice(s) [अर्थात, अनधिकार प्रवेश का/के नोटिस] लागू नहीं होना चाहिए जो आपके लिए न्यूजीलैंड में किसी SkyCity स्थल ने जारी किया हुआ हो।

यदि आपने इन पुनःप्रवेश की शर्तों को पूरा कर लिया है और आप फिर से किसी SkyCity कसीनो में आना चाहें, तो आपकोएक पुन:प्रवेश आवेदन-पत्र भरकर उसे SkyCity को भेजना होगा। जब तक आपके पुनःप्रवेश आवेदन को SkyCity द्वारा अनुमोदित नहीं कर दिया जाता, तब तक आप हमारे गेमिंग क्षेत्रों में प्रवेश नहीं कर सकते। पुनःप्रवेश की कोई गारंटी नहीं है। SkyCity अपने विवेकानुसार अतिरिक्त पुनःप्रवेश की शर्तें लगाने का भी फैसला कर सकता है।

यदि मैं अपने बहिष्कार के दौरान गेमिंग क्षेत्रों में प्रवेश करने की कोशिश करूं, तो क्या होगा?

आप पर आंतरिक मामलों के विभाग (डिपार्टमेंट ऑफ इंटरनल अफेयर्स) द्वारा मुकदमा चलाया जा सकता है और जुर्माना किया जा सकता है। यदि आपको किसी गेमिंग क्षेत्र के भीतर पाया जाता है, तो आपको एक "Requirement to Leave the Premises" Notice (RTLP) [अर्थात, परिसर छोड़ने की आवश्यकता का नोटिस] अथवा Trespass Notice [अर्थात, अनधिकार प्रवेश का नोटिस] जारी किया जा सकता है। इसका अर्थ होगा कि आप दो वर्षों की अतिरिक्त अवधि तक किसी भी SkyCity संपत्ति के किसी भी भाग में (जिनमें सारे गेमिंग क्षेत्र शामिल हैं) प्रवेश नहीं कर सकेंगे। यदि आप Trespass Notice (अनधिकार प्रवेश का नोटिस) का उल्लंघन करते हैं, तो आपको न्यूजीलैंड पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया जा सकता है।